दिनांकः 05.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम नई दिल्ली में रायसीना डायलॉग का उद्घाटन करेंगे। डायलॉग के 11वें संस्करण के उद्घाटन सत्र में फिनलैंड के राष्ट्रपति डॉ. अलेक्जेंडर स्टब शामिल होंगे। रायसीना डायलॉग भू–राजनीति और भू–अर्थशास्त्र पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने आने वाली सबसे चुनौतीपूर्ण समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। डायलॉग में 110 देशों के प्रतिनिधि और प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इस वर्ष का विषय "संस्कार – दृढ़ता, सामंजस्य, उन्नति" है। तीन दिन के इस सम्मेलन में विश्व के नीतिनिर्माता और विचारक छह विषयगत स्तंभों पर विभिन्न प्रारूपों में संवाद करेंगे।ये सम्मेलन डिजिटल प्लेटफार्म पर देखा जा सकता है। इससे पहले आज प्रधानमंत्री श्री मोदी ने फिनलैंड के राष्ट्रपति के साथ विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की।

000

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने जोधपुर साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन का विस्तार जैसलमेर तक करने की मंजूरी दे दी है। केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने इसके लिए रेलमंत्री का आभार जताया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शेखावत ने लिखा कि इसकी मांग लम्बे समय से की जा रही थी। उन्होंने कहा कि इससे जैसलमेर और आस–पास के क्षेत्र के यात्रियों, व्यापारियों और पर्यटकों को सुविधा होगी। साथ ही कनेक्टिविटी बेहतर होने से पर्यटन बढ़ेगा और रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

000

राजस्थान पुलिस की ओर से प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा सखी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसमें सुरक्षा सखियां, घर–घर जाकर महिलाओं से संवाद कर रही हैं। साथ ही उन्हें तीन नये आपराधिक कानूनों से जुड़ी जानकारियां दे रही हैं। इसी कड़ी में कोटपूतली बहरोड़ और झालावाड़ में भी कानूनी अधिकारों के प्रति महिलाओं को जागरुक किया जा रहा है।

000

प्रदेश में आज कई स्थानों पर पुलिसकर्मी धुलण्डी का पर्व मना रहे हैं। भरतपुर में जिला कलेक्टर कमर चौधरी और पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद ने पुलिस लाइन में होली खेली। इस दौरान सबने एक–दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। सवाईमाधोपुर में भी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने रंगों के साथ धुलण्डी का जश्न मनाया। वहीं आज होली की भाईदूज का त्यौहार भी मनाया जा रहा है। चैत्र कृष्ण द्वितीया को मनाये जाने वाले इस पर्व में बहनें अपने भाईयों को तिलक लगाकर उनकी लम्बी उम्र की कामना कर रही हैं।

000

भीलवाड़ा जिले में इन दिनों चने की फसल में हो रहे उगटा रोग को लेकर किसान चिंता में हैं। इस रोग के चलते खेतों में खड़ी फसल सूख रही है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक विनोद कुमार जैन ने बताया कि इस रोग का उपचार खड़ी फसल में संभव नहीं है। उन्होंने किसानों को आगामी समय में बीज उपचार कर ही फसल बुवाई की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से अगले सप्ताह फसल खराबे का आकलन कराया जाएगा।

....

000

सर्वाईकल कैंसर की रोकथाम के लिए चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से जैसलमेर जिले में आज बालिकाओं के लिए निःशुल्क टीकाकरण सत्र आयोजित किये जा रहे हैं। जैसलमेर सहित पोकरण, मोहनगढ़, नाचना, रामगढ़, सम तथा रामदेवरा में होने वाले इन सत्रों में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को एचपीवी के टीके लगाये जा रहे हैं। ये टीकाकरण अभियान आगामी तीन महीने तक चलाया जाएगा। विभाग ने बालिकाओं और उनके अभिभावकों से अभियान के तहत समय पर टीकाकरण कराने की अपील की है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में अजमेर से एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरूआत की थी।

000

विदेश मंत्रालय ने पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र की मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक टेलीफोन के जरिए इस नियंत्रण कक्ष से सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अलावा संघर्ष के क्षेत्र में भारतीय दूतावासों ने सुरक्षा उपायों और वहां से लोगों के निकलने के संभावित उपायों में मदद के लिए चौबीसों घंटे आपात हेल्पलाइन भी शुरू की है।

इस बीच, एयर इंडिया ने प्रभावित यात्रियों को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपनी यात्रा की तारीख बदलने या टिकट रद्द करने पर पूरा रिफंड लेने की सुविधा देने की घोषणा की है।

यह सुविधा इस वर्ष 28 फरवरी या उससे पहले की गई सभी कन्फर्म बुकिंग्स पर लागू होगी। पश्चिम एशिया, यूनाइटेड किंगडम और यूरोप आने–जाने वाली उड़ानों के लिए यह सुविधा, 10 मार्च तक की यात्रा के लिए मान्य रहेगी।

000